श्रीनगर: यूनेस्को रचनात्मक शहरों का नेटवर्क

drishtiias.com/hindi/printpdf/srinagar-unesco-creative-cities-network

हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन** (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO) ने श्रीनगर को **रचनात्मक शहरों का नेटवर्क** (UNESCO Creative Cities Network- UCCN) के एक भाग के रूप में नामित किया है।

> मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी और जयपुर के बाद श्रीनगर यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत का छठा शहर है।

प्रमुख बिंदु

- **श्रीनगर के बारे में:**
  - श्रीनगर शहर को शिल्प और लोक कला के क्षेत्र में रचनात्मक शहर के रूप में नामित किया गया है। जयपुर के बाद इस श्रेणी में भारत का यह दूसरा शहर है।
  - यह न केवल श्रीनगर शहर को वैश्विक पहचान देगा बल्कि अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग, शिल्प विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग और उत्पाद प्रोत्साहन के रूप में 'पिचिंग क्राफ्ट' (Pitching Craft) में भी मदद करेगा।
  - इसके साथ ही जम्मू और कश्मीर की राजधानी (श्रीनगर) विश्व के 295 'रचनात्मक शहरों के नेटवर्क' क्लब में शामिल हो गई है।
  - यूनेस्को द्वारा हर वर्ष विश्व के विभिन्न शहरों को अपनी 'यूसीसीएन' परियोजना (UCCN Project) में शामिल करने हेतु आवेदन मांगे जाते हैं। भारत में यह आवेदन संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाते हैं।
- **यूनेस्को का रचनात्मक शहरों का नेटवर्क (UCCN):**
  - इसे वर्ष 2004 में प्रारंभ किया गया था।
  - इसका उद्देश्य "उन शहरों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना है जो रचनात्मकता को अपने शहरी विकास में एक रणनीतिक कारक के रूप में पहचानते हैं।"

    > **सतत् विकास लक्ष्य- 11** (Sustainable Development Goal- 11) का उद्देश्य सतत् शहरों और समुदायों से संबंधित है।

  - नेटवर्क में सात रचनात्मक क्षेत्र शिल्प एवं लोक कला, मीडिया कला, फिल्म, डिज़ाइन, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य और संगीत शामिल हैं।

- **UCCN में शामिल भारत के शहर:**
    - श्रीनगर - शिल्प और लोक कला (2021)
    - मुंबई - फिल्म (2019)।
    - हैदराबाद - गैस्ट्रोनॉमी (2019)।
    - चेन्नई- संगीत का रचनात्मक शहर (2017)।
    - जयपुर- शिल्प और लोक कला (2015)।
    - वाराणसी- संगीत का रचनात्मक शहर (2015)।

यूनेस्को

- **यूनेस्को के बारे में:**
    - यह संयुक्त राष्ट्र (United Nations- UN) की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने के लिये प्रयासरत है।
    - इसकी स्थापना वर्ष 1945 में हुई तथा इसका मुख्यालय पेरिस (फ्राँस) में स्थित है।
- **रिपोर्ट्स:**
    - **यूनेस्को विज्ञान रिपोर्ट**
    - **वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट**
    - **स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट इन इंडिया**